>

Title: Regarding allotment of houses under Housing Scheme 2006-07 (H) (02) of New Okhla Industrial Development Authority.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा लाई गई आवास योजना 2006-2007 एच02 की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। इस आवास योजना के तहत प्राधिकरण द्वारा उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग और अल्प आय वर्ग के लिए कुल 1050 फ्लैटों के आबंटन हेतु जनता से आवेदन मांगे गये थे। जिसमें सफल आवेदकों को अधिकतम तीन वर्ष के अंदर मकानों का कब्जा देने की बात कही गई थी। जिसका विवरण उनकी विवरण पुस्तिका में दिया हुआ है। लेकिन सफल आवेदकों को अभी तक कब्जा देना तो दूर उनका आबंटन भी नहीं किया गया है। जबकि चार साल पूरे होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। इस विलम्ब के कारण जिन आवेदकों को फ्लैट मिलने थे, उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आबंटन और कब्जे में देरी से न्यूनधारक आवेदकों को बैंक को भारी-भरकम मासिक किस्त अधिकतम ब्याज दर पर चुकानी पड़ रही है। इसके कारण खासकर अल्प आय वर्ग के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। जबकि प्राधिकरण ने साढ़े तीन साल पहले फ्लैटों की पूरी कीमत अग्रिम के रूप में वसूल कर रखी है। मकान मिलने में देरी होने के कारण आबंटियों का बजट गड़बड़ा गया है। क्योंकि जिन्हें मकान की सख्त आवश्यकता थी, वे अभी भी किराये के मकानों में बसर कर रहे हैं। साथ में ऋण की राशि भी मासिक तौर पर देनी भारी पड़ रही है। यह आवास योजना गरीब आवेदकों के गले की फांस बन गई है।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि नोएडा प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिये जाएं कि वह जल्द से जल्द मकान आबंटित कर जनता को कब्जा दिलाये, ताकि सफल आवेदकों को और परेशानी न झेलनी पड़े। मेरी मांग है कि इस पर सरकार जल्दी कदम उठाये।